अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस

जिला कमेटी, गुडगांव

29-3-2007

सेवा में,

आयुक्त गुडगांव मण्डल
गुडगांव

विषयः श्रमिक समस्याओं एंव पुलिस प्रशासन श्रम विभाग के खिलाफ ज्ञापन

श्रीमान् जी,

जिला एटक कमेटी इस ज्ञापन के माध्यम से आपका ध्यान श्रमिकों पर मालिकों द्वारा किये जा रहे हमले पर ध्यान आकर्षित करना चाहते है। श्रमिक द्वारा यूनियन बनाने का सवैधानिक हकों का इस्तेमाल करने पर उनके उपर झूठे पुलिस केस, एंव नौकरी से निकालने की यातना झेलना पडता है। पहला उदाहरण होण्डा काण्ड, दूसरा क्लासिक गोल्फ, अमीरा फुडस के है।

क्लासिक गोल्फ के 77 श्रमिकों पर झूठा 307 होण्डा काण्ड में 67 श्रमिकों पर 307 एंव अमीरा फुडस के श्रमिकों पर अपहरण का केस दर्ज कराया गया था। अमीरा फुडस के श्रमिक कोर्ट से बरी हो गए। क्लासिक गोल्फ के 67 श्रमिकों के जांच पडताल के बाद केस से अलग कर दिया गया। फैशन एक्प्रैस के महिला श्रमिकों के साथ प्रबन्धकों ने अभद्र व्यवहार एंव यौन प्रताडना की कार्यवाही की । श्रमिका की शिकायत के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नही किया है। उपरोक्त कम्पनी के श्रमिक अपनी अपनी संस्था के आगे संघर्षरत है। क्लासिक गोल्फ के श्रमिकों पर अभी भी झूठे केस दर्ज किये जा रहे है। तालाबंदी 06.10.2006 से कर रखी है।

पेज बाकी....2

श्रमिक समस्याओं के समाधान में श्रम विभाग गंभीर नही है। इसलिए यंहा श्रमिक अंशांति बनी रहती है।

1. अतः आपसे प्रार्थना है कि फैशन एक्सप्रेस के मालिक पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार एंव योन शोषण के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कराये एंव श्रमिक समस्यायें समाप्त करा जाये।
2. क्लासिक गोल्फ में चल रही तालाबन्दी खत्म कराकर सभी श्रमिकों को नौकरी पर बहाल कराये जाये। श्रमिकों पर बनाये गये पुलिस केस वापस लिये जाये।
3. अमीरा फूडस के मालिक द्वारा नौकरी से निकाले श्रमिकों को बहाल कराये एंव लगातार श्रमिकों को नौकरी से निकालने एंव अनुचित श्रम व्यवहार पर रोक लगायी जाये।
4. उपरोक्त कम्पनी में स्थायी श्रमिकों को नौकरी से निकालने के बाद ठेकेदारों के श्रमिक द्वारा कराये जा रहे काम पर रोक लगायी जाये।
5. ट्रेड यूनियन आंदोलन में श्रमिकों पर बनाये गये पुलिस केस समाप्त कराये जाये।

भवदीय

जिला कमेटी
गुडगांव

संलग्न :
संबंधित श्रमिकों / यूनियन द्वारा दिये गये शिकायत पत्र